छात्र संकल्प माध्यमिक विद्यालयों हेतु

हे मातृभूमि भारत,

संपूर्ण संसार में आपका स्थान निराला है,

आपका मुकुट हिमालय है तो चंचल सागर आपके चरण पखारता है।

आपमें प्रवाहित सुंगन्धित वायु एवं पावन नदियों का जल हमें जीवन देता है;

आपकी उर्वरक भूमि से उपजे अन्न से हम पलते हैं, आपकी ही गोद में हम विकसित होते हैं।

आप ही हमारी विद्या हो, धन हो और मन हो।

हम संकल्प लेते हैं कि आपकी आन, मान, सम्मान और सुरक्षा के लिए हम अपना सर्वस्व अर्पण करने में कभी नहीं चूकेंगे।

जय हिन्द!

छात्र संकल्प प्राथमिक विद्यालयों हेतु

हे भारत माता आप भी हमारी माँ हो। जैसे हम बच्चे अपनी मम्मी को प्यार करते हैं और उनका आदर करते हैं; हम आपको भी उसी प्रकार प्यार और आदर करते हैं। आपको शत् शत् नमन।

जय हिन्द!

छात्र संकल्प उच्च शिक्षा विद्यालयों हेतु

हम संकल्प लेते हैं कि हम अपने विद्यालय में उत्तम शिक्षा प्राप्त करेंगे। शिक्षा का उपयोग हम अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए करेंगे, न कि किसी भी प्रकार के नकारात्मक कार्य हेतु। हम जातिवाद, साम्प्रदायिकता, भाषा या क्षेत्र पर आधारित किसी विभाजनकारी नीति को अपने जीवन में कोई स्थान नहीं देंगे, जिससे हम भी एक ऐसे भारत के निर्माण में सहभागी बन सकें जिसका स्वप्न उन असंख्य ज्ञात एवं अज्ञात वीरों ने देखा था, जिन्होंने भारत को दासता की बेडियों से मुक्त कराया। हम संकल्प लेते हैं कि भारत की आन, मान, सम्मान और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने में कभी नहीं चूकेंगे।

जय हिन्द!